www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष—10 अंक—126 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ शनिवार 7 अगस्त 2021 पृष्ठ — 8 मूल्य—3 रूपया

## यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से समीक्षा बैठक

लखन । मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से



समीक्षा बैठक की गयी। इस बैठक में निर्माण कम्पनियों से संबंधित अधिकारियों के अलावा यूपीडा के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। परियोजना का अब तक लगभग 69 प्रतिशत भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है, इसके साथ ही श्री अवस्थी द्वारा निर्देश दिए गए कि आर0ओ0बी0 तथा आर0ई0 पैनल निर्माण के काम में तेजी लाने के साथ स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में शीघ्रता लाई जाए, उन्होंने टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण के काम में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा कि शेष बचे मिट्टी का कार्य तेजी से खत्म किया जाए। श्री अवस्थी ने परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से किए जाने हेतु निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि यूपीडा द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे में अब तक क्लीयरिंग एण्ड ग्रबिंग का कार्य 99.85 प्रतिशत और मिट्टी का कार्य 93.71 प्रतिशत से अधिक पूर्ण कर लिया गया है। कुल 818 में से 687 स्ट्रक्चर्स यानि आधे से अधिक का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। परियोजना की वर्तमान प्रगति में 93.01 प्रतिशत सबग्रेड स्तर तक का कार्य, 91.70 प्रतिशत जी0एस0बी0 स्तर का कार्य, 86 प्रतिशत डब्लू0एम0एम0 का कार्य पूर्ण हो गया है। दीर्घ सेतुओं के निर्माण हेतु कुल 1465 पाइल में से 1465 पाइल का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परियोजना के सभी 14 दीर्घ सेतुओं एवं 04 रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है, इसके साथ ही निर्माणाधीन 19 (ब्) सहित फ्लाई ओवर्स का कार्य भी प्रगति पर है। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लंबाई 296.07 किमी0 है। उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 213.03 किमी0 लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है, यानि कि इतनी सड़क पूर्णतः बनकर तैयार हो चुकी है।

## प्रमुख औद्योगिक संगठन इंडो—अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स के लखनऊ चौप्टर का उद्घाटन

### बृजेश पाठक तथा सिद्धार्थनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद

अवध की आवाज

लखनऊ। यहां देश के प्रमुख औद्योगिक संगठन इंडो—अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स के लखनऊ चौप्टर का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के न्याय एवं विधायी कार्य मंत्री पुलिस महानिदेशक, सुरक्षा, विनोद कुमार सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में इंडो— अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स— नार्थ इंडिया काउन्सिल के रीजनल प्रेसीडेंट रमन राय, वाइस प्रेसीडेंट रोहित कोच्चर और



बृजेश पाठक तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह रहे। वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह, राजस्व परिषद के चेयरमैन मुकुल सिंघल, अमेरिकी दूतावास के नार्थ इंडिया आफिस के डायरेक्टर माइकल रोसेंथाल, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और अपर रीजनल वाइस प्रेसीडेन्ट अरुन कारना ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रदेश के आर्थिक विकास में एमएसएमई का महत्वपूर्ण योगदान होता है। एमएसएमई के जरिये छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश निवेशकों लिए फेवरेट डेस्टीनेशन बन गया है। शेष पेज दो पर

## शुक्लागंज में चार करोड़ की योजनाओं का हुआ शिलान्यास

### पशु चिकित्सालय की नई बिल्डिंग का किया गया लोकार्पण, राज्यमंत्री सांसद विधायक व नगर चेयरमैन ने किया

अवध की आवाज

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के अंतर्गत आज दिनांक 6.8. 2021 दिन शुक्रवार दोपहर शुक्लागंज में नगरपालिका पहुंचकर राज्यमंत्री रही सरकार की उपलब्धियों की भी बात की उन्होंने जनता से अपील करते हुए। 2022 में फिर सरकार बनाने की बात कही नगरपालिका के बजट पर आश्वासन देते हुए।



वीरेंद्र कुमार तिवारी जी सांसद साक्षी महाराज जी सदर विधायक पंकज गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुप्ता राजेश गुप्ता गोल्डी केडी त्रिवेदी जी व भाजपा के वरिष्ठ नेतागण व सभासदों की मौजूदगी में व 4 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया गया। अपने संबोधन में राज्य मंत्री व सांसद विधायक ने चुनावी बिगुल भी फूंका और हो नई योजनाओं को लागू करने की बात कही सांसद साक्षी महाराज और सदर विधायक पंकज गुप्ता जी ने नगर में और भी कई सुविधाएं देने की बात कहीं। अंत में पशु चिकित्सालय पहुंचकर वहां का लोकार्पण का कार्य किया। इस मौके पर नगर के भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सहित सभी नेता गण मौजूद रहे।

## भाजपा पार्षद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लखनऊ की पूर्वी विधानसभा से चुनाव लड़ने का किया आग्रह

अवध की आवज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ से पार्षद और पूर्व मीडिया पैनलिस्ट दिलीप श्रीवास्तव ने लखनऊ पूर्व विधान सभा सीट से सीएम योगी आदित्य नाथ को चुनाव लड़ने के लिए पत्र लिखा है। भाजपा पार्षद ने पत्र में लिखा है कि लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट भाजपा की परंपरागत सीट है। यहां से अगर मुख्यमंत्री चुनाव लड़ेंगे तो इसका संदेश प्रदेश भर में जाएगा और ऐतिहासिक विजय दर्ज होगी। भाजपा नेता ने सीएम योगी को लिखा पत्र.भाजपा नेता ने सीएम योगी को लिखा पत्र.दिलीप श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में लिखा है कि लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र में पूरा उत्तर प्रदेश बसता है। इंदिरा नगर, गोमती नगर, विकास नगर, महानगर, निशातगंज, सर्वोदय नगर, शक्ति नगर, कुर्मांचल नगर आदि में पूर्वांचल, पहाड़ और अन्य जिलों के लोगों की बड़ी संख्या है। यहां पर भाजपा के परंपरागत वोट बैंक में कायस्थों की संख्या निर्णायक भूमिका में भी है। इस विधानसभा में ब्राह्मण, ठाकुर मतदाताओं की संख्या भी सर्वाधिक है। इस विधानसभा से भाजपा के 12 पार्षद हैं



और यहां अधिवक्ताओं की भी काफी संख्या है। भेजे पत्र में दिलीप श्रीवास्त ने लिखा है कियोगी जी सर्वमान्य नेता हैं। यदि आप लखनऊ पूर्व विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे तो पूरे उत्तर प्रदेश में बड़ा संदेश जाएगा।आपके यहां से चुनाव लड़ने से सपा, बसपा, कांग्रेस के चुनावी समीकरण भी बिगड़ेंगे और आपकी ऐतिहासिक जीत होगी। इसलिए आप सिर्फ नामांकन करके चले जाइए और विजयश्री का तोहफा ऐतिहासिक रूप में भाजपा कार्यकर्ता देंगे। आप से मेरा आग्रह है कि आप लखनऊ पूर्व विधानसभा से विधानसभा चुनाव लड़ने की कृपा करें।

# भाकियू अवध संगठन के द्वारा किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर बड़ागांव सब्जी मंडी में हुई किसान पंचायत,,,,,,

अवध की आवाज

महोली सीतापुर। भाकियू (अवध) संगठन राजू गुप्ता संगठन तहसील उपाध्यक्ष महोली अरविंद सिंह एलिया



ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह महोली ब्लाक अध्यक्ष विश्वपाल राठौर तहसील अध्यक्ष महोली हरिहर मास्टर तहसील महासचिव अखिलेश पंजाबी की अध्यक्षता में गन्ना, जर्जर सड़क,बिजली व किसानों कि अन्य तमाम समस्याओ को लेकर शुरू हुई बड़ागांव में किसान पंचायत किसान पंचायत में पहुँचे उपजिलाधिकारी महोली तहसीलदार महोली क्षेत्राधिकारी सदर प्रभारी निरीक्षक महोली संजय पांडेय को 21 सूत्रीय सौंपा मांग पत्र गया कार्यक्रम में पहुँचे संगठन के मुखिया राजू गुप्ता जी और कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू व प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह किसान नेता श्यामू शुक्ला गरजे किसान पंचायत में कहां एक महीने के अंदर अगर किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो उ० प्र० की राजधानी लखनऊ होगा 50 हजार किसानों का आंदोलन जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम लोधी बालगोविंद रामू प्रधान लाला अवस्थी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सौरभ तिवारी विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आशीष सिंह पिंटू शाहाबाद तहसील अध्यक्ष राहुल मिश्रा दीपू जायसवाल ओमप्रकाश गुप्ता रवि तिवारी अमित शुक्ला विकास शुक्ला अतुल मिश्रा दीपक अवस्थी ब्लॉक अध्यक्ष पिहानी अतुल दीक्षित टोडरपुर ब्लाक अध्यक्ष टोडरपुर अमिताभ सिंह असरफ रजा आदि सैकड़ो किसान नेता व हजारों की संख्या में किसान साथी मौजूद रहे।

# लगातार हो रही विद्युत कटौती से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता परेशान

सुरेश कुमार तिवारी

कहोबा चौराहा गोंडा। इस समय महीनों से लगातार हो रही विद्युत



कटौती से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। बताते चलें कि एक तो भीषण गर्मी दूसरे विद्युत कटौती दोनों का मार झेल रहे हैं क्षेत्रीय उपभोक्ता विद्युत कटौती से मोतीगंज विद्यानगर रामपुर सोठिया बनकसिया हड़हवा कैमी कहोबा सहित सभी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान है यहां पर 18 घंटा विद्युत आपूर्ति होना चाहिए लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं को 8 घंटा भी बराबर बिजली नहीं मिल रही है वह भी 8 घंटे के अंदर दर्जनों से अधिक बार की जाती है विद्युत कटौती वही एक विद्युत कटौती और दूसरे लोग बोल्टेज यह समस्या महीनों से बनी हुई है अगर इसके शिकायत विद्युत कर्मियों से किया जाता है तो उनका सीधा जवाब रहता है कि फला जगाता गिर गया है या सपदम फॉल्ट है यही कहकर अपना पल्ला झा लेते हैं और विद्युत उपभोक्ता परेशान इनका सुनने वाला कोई नहीं है कभी–कभी तो 24 घंटे लगातार नहीं आती बिजली बिजली ना आने से दर्जनों क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ता गर्मी से परेशान रहते हैं



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ 15वॉं वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप बुनियादी अनुदान व निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त की धनराशि से करायी जाने वाले कार्यों की निकायों द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना पर विचारध्स्वीकृति हेतु समिति की बैठक का आयोजनरू



भगवंत नगर विधानसभा में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पात्र राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण करते विधानसभा अध्यक्ष ह्दय नारायण दीक्षित व ग्राम वासियों को भाजपा सरकार की नीति व योजनाओं के बारे में जानकारी दी भाजपा की सरकार गरीबों के हित की सरकार है कल्लू पुरवा में विधानसभा अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

# रहस्यमय हालत में यूपी की छात्रा की मौत, प्रिंसिपल पर मामला दर्ज

उन्नाव (वेबवार्ता)। 15 साल की बच्ची की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत के बाद उन्नाव जिले में मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि फीस न देने पर पीड़िता को उसके स्कूल के प्रिंसिपल ने कथित तौर पर प्रताड़ित किया था। लड़की के पिता, जो एक कारखाने में काम करते हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मश्त्यु तब हुई जब स्कूल के प्रिंसिपल ने उसे असाइनमेंट लेने से मना कर दिया, जो छात्रों के मूल्यांकन का माध्यम था। लड़की का परिवार, जो उनकी इकलौती संतान थी, गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने स्कूल की फीस का भुगतान नहीं किया था क्योंकि उसके पिता महामारी में काम नहीं कर रहे थे। बच्चे के पिता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है, मैं उन्नाव जिले का एक गरीब मजदूर हूं। मेरी बेटी कक्षा 10 की छात्रा थी। चूंकि मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए मैं कोविड के दौरान तीन महीने की फीस का भुगतान नहीं कर सका। मैंने प्रिंसिपल से मुलाकात की थी और बकाया फीस का भुगतान करने के लिए कुछ समय मांगा था। मेरी बेटी गुरुवार को एक पत्र के साथ फीस माफी की मांग के साथ स्कूल गई थी, लेकिन वापस घर जाने के लिए कहा गया था। प्रिंसिपल ने हमें समय देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह त्रैमासिक परीक्षा के लिए उपस्थित नहीं हो सकती है। उसे अपमानित किया गया और स्कूल छोड़ने के लिए कहा गया। मानसिक दबाव और अत्यधिक अपमान के कारण घर पहुंचने पर वह गिर गई और मर गई। उन्नाव के एसपी आनंद कुलकर्णी ने कहा कि पुलिस मामले की पूरी जांच करेगी। उन्होंने कहा, शिकायत गुरुवार को प्राप्त हुई थी। हमने उसके पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। हम जांच करेंगे कि उसे परेशान किया गया था या नहीं। हम छात्रों और स्टाफ के सदस्यों से पूछताछ करेंगे और सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करेंगे। प्राचार्य, जिन पर उकसाने का मामला दर्ज किया गया है, ने दावा किया कि छात्र को उसका असाइनमेंट दिया गया था और उसके खिलाफ आरोप निराधार हैं। मौत के कारणों की पुष्टि के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पेज एक शेष

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की उद्योगों को लेकर पॉजिटिव एप्रोच है, इसी कारण यूपी की इमेज बदली है। चौप्टर के उद्घाटन पर उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ चौप्टर के शुरू होने से सरकार और उद्यमियों के बीच के गैप्स को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से कोरोना काल में माइक्रोसाफ्ट जैसी कंपनियों ने यू0पी0 में निवेश का निर्णय लिया है। पेप्सिको मथुरा में 800 करोड़ का निवेश कर रही है। कोरोना के कारण उत्पन्न कठिनाइयों को देखते हुए उद्यम स्थापना के लिए 72 घण्टे में एन0ओ0सी0 देने का प्राविधान किया गया। चीन के मुकाबले उत्तर प्रदेश से निर्यात बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कोविड–19 महामारी से उपजी विषम परिस्थितियों के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के अनुरोध पर डॉ0 ललित खेतान ने 06 ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट प्रदेश को देने का संकल्प लिया था, जिसमें से रामपुर जिले के बिलासपुर में स्थित एक प्लांट का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के कर कमलों द्वारा किया जा चुका है। शेष प्लांट भी तैयार हो चुके हैं। सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से डॉ0 ललित खेतान को इंडो–अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ0 खेतान ने मुकेश सिंह को लखनऊ चौप्टर का चेयरमैन नामित किये जाने पर उन्होंने कहा इंडो–अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स के शीर्ष नेतृत्व ने मुकेश सिंह को जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह, पद्मश्री डॉ0 सुनील जोगी, हास्य कवि सर्वेश अस्थाना तथा इंडस्ट्री एसोसिएशन, पंजाब के को–चेयरमैन रशपाल सिंह को विशेष सम्मान देकर सम्मानित किया गया। लखनऊ चौप्टर के उद्घाटन के उपरान्त गीत गंगोत्री कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ गीतकार संतोषानंद, डॉ0 विष्णु सक्सेना, गजेंद्र प्रियांशु, राजीव राज, बलराम श्रीवास्तव, रुचि चतुर्वेदी, श्वेता सिंह, रामेंद्र मोहन त्रिपाठी और सोम ठाकुर आदि द्वारा काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया गया। वरिष्ठ गीतकार संतोषानंद ने अपने गीत 'एक प्यार का नगमा है...', गाकर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि आप सबके स्नेह की बदौलत मेरी सांसें चल रही हैं। आप सब हमारे ऑक्सीजन सिलेंडर हैं। इंडो–अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स–नार्थ इंडिया काउन्सिल के रीजनल प्रेसीडेन्ट रमन राय ने मुकेश सिंह को इंडो–अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स के लखनऊ चौप्टर का चेयरमैन घोषित किया। इस अवसर पर मंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ चौप्टर के उद्घाटन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सोलर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तथा इंटीग्रेटेड चिप निर्माण संबंधी इकाइयों की स्थापना के लिए इंडो–अमेरिकन चौम्बर को आगे आना चाहिए। अमेरिकी दूतावास के नार्थ इंडिया आफिस के डायरेक्टर माइकल रोसेंथाल ने अपने उद्बोधन में अमेरिका और भारत के मध्य व्यापारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए चौम्बर द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इंडो–अमेरिकन चौम्बर ऑफ कॉमर्स की एक्जीक्यूटिव काउन्सिल के मेम्बर मुकेश सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस चौप्टर के माध्यम से उत्तर प्रदेश और अमेरिका के मध्य व्यापारिक संबंधों में निकटता लाकर देश के संतुलित आर्थिक विकास के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। चौम्बर द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसका पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन किया जाएगा।

# कानपुर महानगर भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं नमन किया गया

अवध की आवाज

कानपुर महानगर। भाजपा कानपुर महानगर तक जिला कार्यालय नवीन मार्केट में जिलाध्यक्ष सुनील बजाज की अध्यक्षता में उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों ने पूर्व विदेश मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें याद करते हुए कहा कि सुषमा जी ने एक कुशल नेतृत्वकर्ता व तेजस्वी वक्ता के रूप में सदैव पार्टी को अग्रणी रखते हुए निष्ठा भाव के साथ कार्य करती रही। उनके ओजपूर्ण भाषण एवं विचार हम सबको सदैव प्रेरित करते रहेंगे उन्होंने कहा कि पद्मविभूषण से सुशोभित आदरणीय सुषमा जी सदैव भारत माता की सेवा में तत्पर रहीं। उनकी संपूर्ण कृतित्त्व तथा जीवन संगठन के प्रति समर्पण का भाव हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रकाश स्तम्भ के रूप में प्रेरणा देता रहेगा जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि भारतीय राजनीति में उनकी पहचान सर्वप्रिय–सर्वमान्य नेता की रही। उनका जनता से सीधा जुड़ाव रहा, उन्होंने अपने जीवन का क्षण–क्षण भारत एवं भारत की जनता के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने सदैव देश एवं देश के विकास को अग्रणी रखा उन्होंने कहा कि सुषमा जी की नेतृत्व क्षमता, सूझबूझ एवं वाकपटुता सभी को प्रभावित करती थी इसलिए उनका जीवन, कर्म व विचार हमारा मार्गदर्शन सदैव करते रहेंगे। आज इस मौके पर वीरेश त्रिपाठी संतोष शुक्ला अवधेश सोनकर जितेंद्र शर्मा (राजू शर्मा) रंजीत भदोरिया विनय पटेल रिचा सक्सेना श्यामू तिवारी रामा शंकर अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मनाया गया अन्न महोत्सव

### विधायक सहित नोडल अधिकारी व डीएम एसपी,सीडीओ ने 5 राशनकार्ड धारकों को बांटी खाद्यान्न सामग्री

अवध की की अवाज

उरई (जालौन) सबको राशन, सबको पोषण के नारे के साथ प्रध ाानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना डाउन में गरीब वर्ग के समक्ष उत्पन्न आर्थिक संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा बगैर किसी भेदभाव के उक्त महत्वपूर्ण व आवश्यक योजना चलाई



के तहत गुरुवार को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम अन्न महोत्सव मनाया गया। स्थानीय नवीन कृषि मंडी में आयोजित अन्न महोत्सव में कोंच–माधोगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित जनपद के नोडल अधिकारी ध ाीरज साहू, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार व सीडीओ,,,,, ने अंत्योदय व पात्र गृहस्थी 5 राशनकार्ड धारकों को निःशुल्क रूप से 3 किलो गेंहूं व 2 किलो चावल वितरित किया।इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच बोलते हुए विधायक ने कहा कि उक्त योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा राशनकार्ड में दर्ज प्रति यूनिट संख्या के हिसाब से गेंहूं व चावल मिलाकर कुल 5 किलो खाद्यान्न सामग्री निःशुल्क वितरित की जा रही है और उक्त योजना फिलहाल माह नबम्बर तक चलेगी।विधायक ने कहा कि कोबिड–19 वायरस के चलते लॉक जा रही है।वहीं नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 16 अगस्त तक चलने वाले अन्न महोत्सव के तहत सभी राशनकार्ड धारक संबंध ित उचित दर विक्रेता की दुकान पर पहुंचकर खाद्यान्न सामग्री प्राप्त कर लें।इससे पूर्व विधायक समेत मंचासीन सभी अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।संचालन शिक्षक राजेन्द्र दुवे ने किया।कार्यक्रम में एसडीएम अंकुर कौशिक, अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट अशोक कुमार, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, सीओ राहुल पांडेय,आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार, कोतवाल बलिराज शाही समेत भाजपा जिला मंत्री अंजू अग्रवाल,नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया, गल्ला व्यापार समिति अध्यक्ष अजय रावत, महेंद्र सोनी, ओपी कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा सभासद, प्रभंजन गर्ग, नरेश वर्मा, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## कलयुगी मां ने पैदा करके फेंका, फिर चौकी प्रभारी ने दिखाई ममता

अवध की आवाज

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। सिंगरौली जिले के बंधौरा क्षेत्र के ग्राम खैराही में मां की ममता उस समय शर्मसार हो गई जब झाड़ियों में एक नवजात शिशु पड़ा मिला। सूचना पर बंधौरा चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर एक मां की भूमिका अदा करते हुए नवजात को सीने से लगा लिया। चौकी प्रभारी ने उसे ले जाकर नलवाया व भूखे बच्चे को दूध पिलाकर उसे बेहतर देखभाल के लिए जिला चिकित्सालय बैढ़न में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि नवजात एक लड़का है जिसका जन्म करीब 5 घंटे पहले ही हुआ है। जानकारी अनुसार शुक्रवार शाम ग्राम खैराही में निवासी अयोध्या साकेत को बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। जब उन्होंने झाइयों में देखा तो पाया कि झाडियों की बीच 5–6 घन्टे पहले जन्मा नवजात पड़ा हुआ है। उसने तत्काल इसकी सूचना चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा को दी। जिसके बाद वह तत्काल घटनास्थल पर पहुंची जहां उन्होंने नवजात को उठाकर सीने से लगा लिया था। फिलहाल नवजात स्वस्थ बताया जा रहा है फिर भी इलाज हेतु चौकी प्रभारी ने उसे बैढ़न जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया है।



## साढ़े पांच करोड़ रूपये का गांजा और स्मैक बरामद, पांच गिरफ्तार

बहराइच, (वेबवार्ता)। जिले के दो अलग अलग स्थानों से पुलिस ने करीब साढ़े पांच करोड़ रूपये कीमत का गांजा और स्मैक बरामद कर मादक पदार्थ के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अध ाीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार रात नानपारा कोतवाली अंतर्गत अशर्फा बंजरिया मार्ग पर पुलिस ने छोटू उर्फ तज्जन व नंद कुमार के कब्जे से साढ़े 13 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रूपए आंकी जा रही है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में बृहस्पतिवार सुबह रिसिया थानांतर्गत कदियापुर गांव के निकट एक एसयूवी वाहन में रखकर लाई जा रही 500 ग्राम स्मैक के साथ मादक पदार्थ के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस स्मैक की कीमत करीब 5 करोड़ रूपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया स्मैक तस्कर कमालू पहली बार पकड़ा गया है जबकि उसके सहयोगी रिजवान व मुश्ताक पहले भी इस कारोबार में लिप्त रहे व कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

## यूपी में बाढ़ ने मचा रखा है हाहाकार, जलशक्ति मंत्री बोले, 'पूरी तरह से सुरक्षित है प्रदेश'

लखनऊ। यूपी में 2022 में विधानसभा चुनाव होने वाला हैं। उससे पहले उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल पर एक बड़ी 'चुनावी महाबैठक' हो रही है, इस शो में यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ स्थिति नियंत्रण में हैं। बाढ़ नियंत्रण के लिए सरकार ने शानदार काम किया।

'जलस्तर बढ़ा है, पानी नहीं भरा है'

योगी सरकार मंत्री महेंद्र सिंह ने शो के दौरान कहा कि नदियों का जलस्तर जरूर बढ़ा है, लेकिन पानी कहीं नहीं भरा है। बीते तीन वर्षों में दूसरे राज्यों में बाढ़ से तबाही हुई लेकिन यूपी पूरी तरह से सुरक्षित है। उत्तर प्रदेश में जनहानि–धनहानि व पशुहानि नहीं हुई है, जो जमीनों का पटाव प्रभावित होने वाला क्षेत्रफल था, वो 2015 और 2016 में 15 लाख हेक्टेयर बाढ़ से प्रभावित हुआ था, लेकिन अब राज्य बाढ़ से पूरी तरह से सुरक्षित है।

'मानसून से पहले कर ली गई तैयारियां'

मंत्री ने कहा कि बाढ़ का काम देखता हूं, कहीं ऐसी स्थिति नहीं है। राजस्थान, मध्य प्रदेश से जो पानी आता है, जिसकी वजह से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है। यूपी में मॉनसून से पहले सभी तैयारियां



की गईं, सभी आराम से सो पा रहे हैं। गौरलतब है कि उत्तर प्रदेश के करीब दो दर्जन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। आगरा में चंबल नदी ने हाहाकार मचा रखा है। दर्जनों गांव पूरी तरह डूब गए हैं। प्रशासन ने कई गांवों को खाली करा कर ग्रामीणों को ऊंचे स्थानों पर पहुंचाया है। एसडीएम ने डीएम से मदद के लिए एनडीआरएफ बुलाने की मांग की है। उरई में हालात को काबू में करने के लिए सेना को बुलाया गया है। सेना के जवान लोगों को बाढ़ ग्रसित इलाकों से बाहर निकल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं। प्रयागराज, वाराणसी और फर्रुखाबाद समेत कई जिलों में बाढ़ अपना रौद्र रुप दिखा रहा है।






कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरी मस्जिद बाईपास अंडर पास के निकट बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की सिर पर चोट लगने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । युवक की मोटर साइकिल के कागजों के द्वारा युवक के घर को तलाशने में जुटी।

# प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित, अन्न महोत्सव का किया आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

सिधौली,सीतापुर। विकास खंड सिधौली अंतर्गत ग्राम पंचायत बनियानी पोस्ट सरवा में कोटेदार प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा प्रधानंत्री, नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रसारित अन्न महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामवासियों को निःशुल्क अन्न वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवधेश अवस्थी , ग्राम प्रधान प्रताप , रोजगार सेवक पवन शुक्ला (ग्राम पंचायत बनियानी,) बड़े भाई कृष्ण मोहन शुक्ला जी , हरिशंकर शुक्ला , छोटे भाई राम मोहन शुक्ला ( विश्व हिंदू परिषद) एवं समस्त ग्राम वासी व कार्ड धारक उपस्थित रहे ।



# भाकियू अवध संगठन के द्वारा किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर बड़ागांव सब्जी मंडी में हुई किसान पंचायत

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। भाकियू अवध संगठन राजू गुप्ता संगठन तहसील उपाध्यक्ष महोली अरविंद सिंह एलिया ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह महोली ब्लाक अध्यक्ष विश्वपाल राठौर तहसील अध्यक्ष महोली हरिहर मास्टर तहसील महासचिव अखिलेश पंजाबी की अध्यक्षता में गन्ना, जर्जर सड़क,बिजली व किसानों कि अन्य तमाम समस्याओ को लेकर शुरू हुई बड़ागांव में किसान पंचायत किसान पंचायत में पहुँचे उपजिलाधिकारी महोली तहसीलदार महोली क्षेत्राधिकारी सदर प्रभारी निरीक्षक महोली संजय पांडेय को 21 सूत्रीय सौंपा मांग पत्र गया कार्यक्रम में पहुँचे संगठन के मुखिया राजू गुप्ता जी और कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू व प्रदेश महामंत्री मयंक सिंह किसान नेता श्यामू शुक्ला गरजे किसान पंचायत में कहां एक महीने के अंदर अगर किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो उ० प्र० की राजधानी लखनऊ होगा 50 हजार किसानों का तहसील अध्यक्ष राहुल मिश्रा दीपू जायसवाल ओमप्रकाश गुप्ता रवि तिवारी अमित शुक्ला विकास शुक्ला अतुल





आंदोलन जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम लोधी बालगोविंद रामू प्रधान लाला अवस्थी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सौरभ तिवारी विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आशीष सिंह पिंटू शाहाबाद मिश्रा दीपक अवस्थी ब्लॉक अध्यक्ष पिहानी अतुल दीक्षित टोडरपुर ब्लाक अध्यक्ष टोडरपुर अमिताभ सिंह असरफ रजा आदि सैकड़ो किसान नेता व हजारों की संख्या में किसान साथी मौजूद रहे।

# लगातार हो रही विद्युत कटौती से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता परेशान

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। इस समय महीनों से लगातार हो रही विद्युत कटौती से क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। बताते चलें कि एक तो भीषण गर्मी दूसरे विद्युत कटौती



दोनों का मार झेल रहे हैं क्षेत्रीय उपभोक्ता विद्युत कटौती से मोतीगंज विद्यानगर रामपुर सोठिया बनकसिया हड़हवा कैमी कहोबा सहित सभी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान है यहां पर 18 घंटा विद्युत आपूर्ति होना चाहिए लेकिन विद्युत उपभोक्ताओं को 8 घंटा भी बराबर बिजली नहीं मिल रही है वह भी 8 घंटे के अंदर दर्जनों से अधिक बार की जाती है। विद्युत कटौती वही एक विद्युत कटौती और दूसरे लोग बोल्टेज यह समस्या महीनों से बनी हुई है अगर इसके शिकायत विद्युत कर्मियों से किया जाता है तो उनका सीधा जवाब रहता है कि फला जगाता गिर गया है या लाइन फॉल्ट है यही कहकर अपना पल्ला झा लेते हैं और विद्युत उपभोक्ता परेशान इनका सुनने वाला कोई नहीं है कभी–कभी तो 24 घंटे लगातार नहीं आती बिजली बिजली ना आने से दर्जनों क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ता गर्मी से परेशान रहते हैं।

# मुजफ्फरनगर में करंट लगने से 17 साल के लड़के की मौत

मुजफ्फरनगर (वेबवार्ता)। जिले के शुक्रताल कस्बे में बिजली के तार से करंट लगने से 17 साल के एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वह बृहस्पतिवार रात को गंगा नदी से जल लाने के लिए गया था तभी वह बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया और वहां से जा रही हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इसी तरह की एक अन्य घटना में, शामली जिले में बृहस्पतिवार को पांच साल के बच्चे की ट्रांसफॉर्मर के तार के संपर्क में आने से मौत हो गई थी। बच्चे के परिवार के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और कथित लापरवाही के लिए बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# मंडलायुक्त किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

## बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य व भोजन के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

अवध की आवाज

जगम्मनपुर , जालौन । मंडलायुक्त झांसी ने बाढ़ प्रभावित पंचनद क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों के जीवन , स्वास्थ्य व भोजन की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिय। शुक्रवार को मंडलायुक्त



अजय शंकर पांडे एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी जोगेन्दर सिंह ने जनपद जालौन अंतर्गत पंचनद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर तबाही का खौफनाक मंजर देख चिंता व्यक्त की स मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरंजन को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित सभी गांव में खाद्य सामग्री के साथ साथ पका हुआ भोजन भी वितरित कराया जाए एवं मानव स्वास्थ्य के साथ पशुधन के जीवन की भी सुरक्षा की जाए , इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर सभी विषयों पर मानिटरिंग की जाए एवं तय किया जाए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग अथवा पंचायत विभाग का एक कर्मचारी नियुक्त कर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निस्तारण हो , बाढ़ पीड़ितों के स्वास्थ्य की चिंता पर मंडलायुक्त ने कहा कि अपर जिला चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में स्वास्थ्य टीमों का गठन कर प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए यदि किसी को गंभीर बीमारी है तो तत्काल चिकित्सालय भेजने का प्रबंध किया जाए स बाढ़ से बचाव हेतु लगायी नहीं एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की टीमों को और अधिक सक्रिय कर प्रत्येक पीड़ित की मदद के लिए कहां जाए स इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार , मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन परगना अधिकारी शालिग्राम , क्षेत्राधिकारी माधावगढ़ , तहसीलदार प्रेम नारायण , खंड विकास अधिकारी रामपुरा सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

# सभी उचित दर विक्रेताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर भाजपाईयों से बंटवाया खाद्यान्न

अवध की आवाज

उरई (जालौन) नगर में विभिन्न राशन विक्रेताओं के यहां आयोजित अन्न महोत्सव कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री



गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को निरूशुल्क खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। राशन विक्रेता राममोहन अग्रवाल, राशन विक्रेता राकेश अवस्थी, कोटेदार अतुल चतुर्वेदी, राशन विक्रेता मानसिंह चौहान, राशन विक्रेता गया प्रसाद राठौर, महेंद्र राठौर, भास्कर सिंह मणिक, सतीश चंद्र छावला के यहां आयोजित कार्यक्रमों में कोंच माधोगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित पूर्व प्रधानाचार्य केके मिश्रा, कमलेश चोपड़ा, विनोद अग्निहोत्री, सुशील दूरवार, विक्रम सिंह तोमर, आशुतोष मिश्रा, बृजेंद्र मयंक, सुनीलकांत तिवारी, कैलाश मिश्रा, प्रेमनारायण वर्मा, श्रीमती कृष्णा झा, सभासद अनिल पटैरिया, शकील अहमद, अर्चना सोनी, संजीव गर्ग, शैलेंद्र पटैरिया, महेंद्र अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने राशन कार्ड धारकों को निरूशुल्क राशन सामग्री का वितरण किया। सरकार के निर्देश पर 5 अगस्त गुरुवार को ग्रामीण अंचलों में भी सभी कोटेदारों ने अन्न महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा के नेताओं से खाद्यान्न बंटवाया। ग्राम ब्यौना में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत निरूशुल्क राशन वितरण क्षेत्रीय संयोजक प्रकाशन विभाग भाजपा भास्कर अवस्थी द्वारा कराया गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष साकेत शांडिल्य, प्रखंड अध्यक्ष रामलला व्यास, शिशिर प्रताप सिंह, शिवेन्द्र गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का जिम्मा किसका?

शिक्षा का अर्थ मानव का शारीरिक व मानसिक सर्वांगीण विकास है जिससे वह जीवन में आने वाली बाधाओं को आसानी से पार कर खुशहाल जीवन जी सके। इसलिए शिक्षा संस्थान में विद्यार्थी जीवन से ही अच्छे स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, परंतु क्या हमारे संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए फिटनेस की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पिछले सोलह महीनों से हम कोरोना महामारी के कारण शिक्षा संस्थानों से दूर हैं। पढ़ाई तो ऑनलाइन हो ही जाती है, मगर फिटनेस के लिए घर पर भी कार्य नहीं हो रहा है। कोरोना के भयानक परिणामों को देखते हुए अब हर नागरिक की फिटनेस का आधार विद्यार्थी जीवन से ही मजबूत बनाना जरूरी हो जाता है। हवा में जब अधिक धूल–धुआं हो गया है और पृथ्वी पर जैसे–जैसे जीवन जीने की आवश्यक चीजें घटती जा रही हैं, वैसे–वैसे मानव को स्वास्थ्य के प्रति सजग होना पडेग्गा। अच्छे स्वास्थ्य की नींव बचपन से लेकर विद्यार्थी जीवन तक पक्की की जाती है। मगर हिमाचल प्रदेश के अधिकांश स्कूलों में प्रत्येक विद्यार्थी को स्वास्थ्य के लिए न तो सुविधा है और न ही पर्याप्त शिक्षक हैं। विद्यार्थी कितना फिट है, उसके लिए विद्यालय में कोई परीक्षा ही नहीं है। ऐसे में शिक्षा के कर्णधारों के साथ–साथ अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को इस विषय पर अनिवार्य रूप से सोचना होगा कि हमारी अगामी पीढिय्यों की फिटनेस व नैतिकता कैसे उन्नत हो सके। स्वास्थ्य के सिद्धांतों से नैतिकता का गहरा संबंध है। संयम, निरंतरता, निस्वार्थ सोच व ईमानदारी से कार्य निष्पादन हम खेल के मैदान में ही सही ढंग से सीख पाते हैं। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए विद्यालय व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते–आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ–साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोड़ना बेहद जरूरी हो जाता है। विद्यार्थी के विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाते हैं, मगर कुछ विद्यार्थियों द्वारा बनी दो टीमें तो खेलने लग जाती हैं और सारा विद्यालय दर्शक बन जाता है। फिटनेस तो विद्यालय के हर विद्यार्थी को अनिवार्य रूप से चाहिए होती है। विद्यालय स्तर पर हर विद्यार्थी के लिए अभी तक कोई भी कार्यक्रम नहीं है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसके पीछे का प्रमुख कारण भी विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती है। वहां पर सवेरे–शाम वर्षों पहले से ही विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें विद्यालय व घर पर उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को शिक्षित करेंगे। बचपन से युवावस्था जैसे पढ़ाई का सही समय है, उसी प्रकार शारीरिक विकास का समय भी यही है। इस समय ही हमारे शरीर की रक्त वाहिकाओं के बढ़ने, मांसपेशियों व हड्डियों के मजबूत होने का समय है। इस सबके लिए भी फिटनेस कार्यक्रम अनिवार्य रूप से चाहिए क्योंकि एक उम्र बीत जाने के बाद हम इनका विकास नहीं कर सकते हैं।

बिना फिटनेस कार्यक्रम के आज का विद्यार्थी अच्छा पढ़–लिख कर डॉक्टर, इंजीनियर, मैनेजर व अन्य बड़ा डिग्रीधारक बनकर नौकरी तो ले सकता है, मगर क्या वह साठ वर्ष की उम्र तक अपने कार्य का निष्पादन सही तरीके से कर सकता है? आज चालीस वर्ष पार करते ही बुढ़ापा आ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम की बहुत जरूरत है। अमरीका व यूरोप के विकसित देशों के विद्यालयों में हर विद्यार्थी की सामान्य फिटनेस के लिए वैज्ञानिक आधार पर तैयार किए गए कार्यक्रमों के साथ–साथ उचित आहार का भी प्रबंध होता है। विद्यार्थी की फिटनेस कैसी है, इसके लिए साल में कई बार परीक्षा होती है। हमारे यहां कुछ स्तरीय विद्यालयों में फिटनेस कार्यक्रम तो हैं, मगर शारीरिक क्षमताओं को नापने के लिए कोई परीक्षण नहीं है। इस सबके लिए विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस का मूल्यांकन कर उसमें सुधार के लिए सुझाव देकर सुधार करवाने के लिए 'फिटनेस मूल्यांकन व सुझाव' कार्यक्रम की शुरुआत जल्द ही करनी चाहिए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के हर विद्यार्थी का साल में तीन बार विभिन्न शारीरिक क्षमताओं का परीक्षण कर उनका मूल्यांकन किया जाए। पांच दशक पहले भी राष्ट्रीय स्तर से फिटनेस जागरूकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम चले थे, मगर शिक्षा राज्य सूची का विषय होने के कारण बाद में धीरे–धीरे खत्म हो गए थे। अब फिर फाइलों में सीबीएसई फिटनेस टैस्टिंग की बात तो कर रही है, मगर धरातल पर तो अभी तक कुछ भी नजर नहीं आ रहा है।

# ऐसा लगता है संसद का सत्र चलाने की परवाह न तो सरकार को है और न विपक्ष को

–ललित गर्ग–

कोरोना की संकटकालीन स्थितियों के बीच संसद का यह वर्षाकालीन सत्र अत्यधिक महत्वपूर्ण होना था लेकिन वह प्रतिदिन अवरोध के कारण निरर्थकता की ओर बढ़ता चला जा रहा है। संसद के मॉनसून सत्र की आधे से ज्यादा अवधि संसदीय अवरोध एवं हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। 19 जुलाई को शुरू हुआ यह सत्र 13 अगस्त तक चलना है। अभी तक इसमें नाम मात्र का ही काम हुआ है। सरकार ने कुछेक बहुत जरूरी बिल बिना किसी बहस के भले ही पारित करवा लिए हो, लेकिन बहुत सारे बिलों को पारित किया जाने अपेक्षित है। लगातार संसदीय अवरोध का कायम रहना लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। लोकतंत्र में संसदीय अवरोध जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज का विपक्षी नेतृत्व अनभिज्ञ है। सत्ता के मोह ने, वोट के मोह ने शायद उनके विवेक का अपहरण कर लिया है। कहीं कोई स्वयं शेर पर सवार हो चुका है तो कहीं किसी नेवले ने सांप को पकड़ लिया है। न शेर पर से उतरते बनता है, न सांप को छोड़ते बनता है।

पिछले लगभग दो सप्ताह से दोनों सदनों का काम–काज लगभग ठप्प है। दोनों सदन अनवरत शोर–शराबे के बाद रोज ही स्थगित हो जाते हैं। संसद चलाने का एक दिन का खर्च लाखों रुपए में आता है। ये पैसा उन लोगों से वसूला जाता है जो दिन–रात अपना खून–पसीना एक करके कमाते हैं और सरकार का टैक्स भरते हैं। ऐसा लगता है कि संसद का सत्र चलाने की परवाह न तो सरकार को है और न ही विपक्ष को! दोनों अपनी–अपनी टेक पर अड़े हुए हैं, दोनों ही अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। ये शायद अड़ते नहीं लेकिन पेगासस जासूसी का मामला अचानक ऐसा उभरा कि पक्ष और विपक्ष दोनों एक–दूसरे के खिलाफ तलवारें भांजने लगे।

संसद के कामकाज में बाधा डालकर विपक्ष न केवल अपने को कमजोर साबित कर रहा है बल्कि भारतीय लोकतंत्र की बुनियाद को भी खोखला कर रहा है। अच्छा होता अगर वह संसद का इस्तेमाल सरकार से तीखे सवाल करने के लिए करता, आम जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार की विफलता को उजागर करता, नीतियों को सशक्त बनाने में सार्थक बहस करने में करता। उसके पास मुद्दों की कमी नहीं है। खासतौर पर कोरोना महामारी की दूसरी लहर की अव्यवस्था, बेरोजगारी, अफगान–संकट, भारत–चीन विवाद, जातीय जनगणना, बढ़ती महंगाई, गिरती कानून व्यवस्था आदि कई मुद्दों पर सार्थक संसदीय बहस के द्वारा विपक्ष स्वयं को जिम्मेदार होने का अहसास कराता। जैसे आरजेडी सांसद मनोज झा ने सदन में दूसरी लहर में हुई मौतों पर देश से माफी मांगते हुए सबके लिए स्वास्थ्य के अधिकार की मांग की तो उसकी काफी चर्चा हुई। ऐसा ही एक मुद्दा वैक्सीन का भी है। टीकाकरण की रफ्तार बहुत धीमी क्यों हो गई है? इसकी गति बढ़ाने के लिए क्या हो रहा है? और यह काम कब तक पूरा होगा? विपक्ष को सरकार से इसका जवाब मांगना चाहिए। संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती पवार ने कोवैक्सीन और कोविशील्ड के प्रॉडक्शन के अलग–अलग आंकड़े बताए। विपक्ष को इस पर सरकार को घेरना चाहिए था। ऑक्सिजन की कमी से हुई मौतों पर भी सवाल पूछे जाने चाहिए और पूछे गये सवालों के आधे–अधूरे जवाबों पर सरकार को घेरना चाहिए।

विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है, देश की खराब अर्थव्यवस्था का मुद्दा भी है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 3 फीसदी घटा दिया। इसका मतलब यह है कि एक तरफ जहां कोरोना की दूसरी लहर ने आर्थिक रिकवरी को धीमा कर दिया, वहीं दूसरी तरफ सरकार के दिए गए आर्थिक पैकेज से उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। पेट्रोल, डीजल पर भारी टैक्स भी एक बड़ा मुद्दा है, जो हर इंसान की जिंदगी पर असर डाल रहा है। लगातार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से महंगाई आसमान छू रही है, सकारात्मक एवं प्रभावी सोच हो तो एक प्यास के बढ़े दाम सरकारों को गिराने का माध्यम बना है। अभी तो मुद्दे ही मुद्दे हैं। कृषि कानूनों का भी मामला है, जिस पर किसान आंदोलनरत हैं।

सरकार की विफलताएं कम नहीं हैं, समस्याएं भी अनेक हैं। संसदीय अवरोध से हम प्रतिपल देश की अमूल्य धन–सम्पदा एवं समय–सम्पदा बहुत खो चुके हैं। जिनकी भरपाई मुश्किल है। इसके साथ ही भाईचारा, सद्भाव, लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य भी खो रहे हैं। मूल्य अक्षर नहीं होते, संस्कार होते हैं, आचरण होते हैं। उन्माद, अविश्वास, राजनैतिक अनैतिकता, गैरजिम्मेदाराना व्यवहार, दमन एवं संदेह का वातावरण उत्पन्न हो गया है। उसे शीघ्र कोई दूर कर सकेगा, ऐसी सम्भावना दिखाई नहीं देती। ऐसी अनिश्चय और भय की स्थिति किसी भी राष्ट्र के लिए संकट की परिचायक है। विशेषतः लोकतंत्र के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है।

विपक्ष ने विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका ज्यादा से ज्यादा अपनाकर अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर–शराबा, नारेबाजी एवं संसद को अवरुद्ध करने का जो तरीका अपना रखा है, उससे लोकतंत्र की मर्यादाएं एवं गरिमा तार–तार हो रही है। संसद में रचनात्मक बहस तभी हो सकती है जब दोनों पक्षों में एक–दूसरे के विचारों को शान्ति के साथ सुनने की क्षमता जागे और दूसरे की बात पूरी हो जाने पर अपने सवालों को उठाया जाये। बहस का मतलब टोका–टाकी, छींटाकशी, आरोप–प्रत्यारोप या दूसरे के भाषण के दौरान अपना भाषण शुरू करना नहीं हो सकता। इससे संसद का माहौल बिगड़ता है।

विपक्ष सशक्त मुद्दों को उठाकर, शालीन एवं शिष्टता का परिचय देकर न केवल स्वयं को मजबूती दे सकता है, बल्कि असंख्य जनता का विश्वासपात्र भी बन सकता है, लेकिन ऐसा न होना विडम्बनापूर्ण है। बेशक, पेगासस भी एक मुद्दा है, लेकिन इसे लेकर अदालत में याचिकाएं दाखिल की गई हैं। विपक्ष को देखना चाहिए कि वहां इसे लेकर क्या होता है। उसे समझना होगा कि राज्यों में हुए पिछले दौर के चुनाव में उम्मीद के मुताबिक भाजपा का प्रदर्शन न कर पाने, महामारी और आर्थिक मुद्दों को लेकर सरकार दबाव में है। संसद में सवाल पूछकर उसे केंद्र पर दबाव और बढ़ाना चाहिए। संसद के कामकाज में बाधा डालने से उसके हाथ कुछ नहीं लगेगा, उलटे भाजपा इससे खुश होगी।

सदन की गरिमा अक्षुण्ण रखना विपक्ष का भी दायित्व है। लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर इमारत ही नहीं है, यह एक अरब तीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक–एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारा विपक्ष ईमानदारी से नहीं सोचेगा और आचरण नहीं करेगा तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मर्यादाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती हैं। छोटी–छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो–हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं हैं, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों एवं विपक्ष को समझनी ही चाहिए। भारतीय संस्कृति के इन मूलमंत्रों को समझने की शक्ति भले ही वर्तमान राजनीतिज्ञों में न हो, पर इस नासमझी से सत्य का अंत तो नहीं हो सकता। अंत तो उसका होता है जो सत्य का विरोधी है, जो ईमानदारी से हटता है। अंत तो उसका होता है जो जनभावना के साथ विश्वासघात करता है। जनमत एवं जन विश्वास तो दिव्य शक्ति है। उसका उपयोग आदर्शों, सिद्धांतों और मर्यादाओं की रक्षा के लिए हो। तभी अपेक्षित लक्ष्यों की प्राप्ति होगी। तभी होगा राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान। तभी होगी अपनत्व और विश्वास की पुनः प्रतिष्ठा। वरना ईमानदारी की लक्ष्मण रेखा जिसने भी लांघी, वक्त के रावण ने उसे उठा लिया।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## गडरहवा गांव में एक घर में चोरी व दूसरे घर में महिला के गहने छीनने व दुष्कर्म किए जाने हुआ प्रयास

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। बेखौफ चोरों ने एक गांव में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद उसी गांव के दूसरे घर में बरामदे में सो रही महिला के जेवरात छिने व विरोध करने पर दुष्कर्म करने का प्रयास जानकारी तब हुई जब पड़ोस में रहने वाली महिला संतोष कुमारी की चीख–पुकार सुनकर ग्रामीणों की नींद खुली और बचाव के लिए उसके घर पर पहुंचे ग्रामीणों के पहुंचने से पहले चोर महिला के गले, कान व नाक में पहने हुए जेवर को छीन कर रफूचक्कर



किया। पीड़ित महिला की चीख पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते दबंग चोर वहां से फरार हो चुके थे।बताते चलें कि ताजा मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लोशीशा के मजरे गडरहवा का है। गांव निवासी व चोरी की घटना के भुक्तभोगी सोनू कुमार ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि देर रात अज्ञात चोरों ने घर में लगी खिड़की को काटकर अंदर प्रवेश कर गए और सूटकेस में बहन की शादी के लिए रखें जेवरात समेत चालिस हजार रुपए की नगदी पर हाथ साफ किया। घटना की हो चुके थे। पीड़ित महिला ने इटियाथोक कोतवाली में दिए गए अपने शिकायती पत्र में पूरेमनोगा गांव के रहने वाले पवन कुमार पुत्र राम बहादुर व छोटू पुत्र राम तीरथ पर देर रात सोते समय शरीर में पहने हुए जेवर छीनने व विरोध करने पर अस्मत लूटने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। वही चोरी की घटना के भुक्तभोगी सोनू ने भी इटियाथोक कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर शिकायत पत्र दिया है। एक ही गांव में चोरी,छिनेती समेत दुष्कर्म करने का प्रयास किए जाने की घटनाओं से ग्राम वासी सहमे हुए।

## प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार लाभार्थियों में निशुल्क वितरित किया गया राशन

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। 5 अगस्त को प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार ग्राम प्रधान व लाभार्थियों को माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ अन्न वितरण समारोह इस दौरान समारोह में पंचायत सचिव नोडल अधिकारी राजकुमार मिश्रा पीके यू वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट सचिन सिंह लाभार्थियों को राशन वितरित कराया। बताते चलें कि गोंडा के करनैलगंज के भमुआ अंतर्गत ग्राम सभा दूदी ग्राम प्रधान की मौजूदगी में कोटेदार ने सभी लाभार्थियों को प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत राशन का वितरण किया उक्त ग्राम सभा के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को सजाया गया तथा ग्राम अध्यक्ष ग्राम प्रधान उदयभान तिवारी पंचायत सचिव आनंद कुमार नोडल अधिकारी प्रधानाध्यापक श्री राम कुमार मिश्रा इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट करनैलगंज तहसील के नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर



भारतीय किसान यूनियन टिकट के पदाधिकारी सचिन कुमार सिंह एडवोकेट की उपस्थिति में अंत्योदय वह पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन वितरण किया गया बट रहे राशन व कोठे की जांच की राशन वितरण से सभी सभी अधिकारी कुछ दिखे इस दौरान राशन लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## अन्न महोत्सव में गरीबों को बैग के साथ अन्न का वितरण

अवध की आवाज ब्यूरा

कुठोंद,जालौन। प्रधानमंत्री द्वारा अन्न योजना के तहत आज प्रत्येक गांव में गुब्बारे फूल मालाओं से सुशोभित राशन की दुकानों पर बैग में गरीबों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया गया अन्न महोत्सव में पूरे विकासखंड में प्रातः 11:00 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी क्रम में ग्राम सलेमपुर कालपी में उचित दर विक्रेता मनोज कुमार ने प्रातः फूल माला एवं गुब्बारे से राशन वितरण केंद्र को सजाया तत्पश्चात ग्राम प्रधान दिलीप दोहोलिया एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा नामित किए गए पदाधिकारी कुलदीप मिश्रा ने गरीबों को बैग में अन्न वितरित किया बैग पाकर गरीबों के चेहरे खिलगए । साथ ही प्रधानमंत्री का संबोधन भी गरीबों को निशुल्क योजना के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे गरीबों का वास्तव में कल्याण हो रहा है इस मौके पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक बंधुओं द्वारा अपने कर कमलों द्वारा गरीबों को



गरीब कल्याण योजना के बारे में सुनाया गया। विदित हो कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण और कई योजनाएं संचालित कर उन्हें स्वावलंबी बनाए जाने के लिए प्रयासरत हैं साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा बीते कई महीनों से निशुल्क अन्न का वितरण कराया इस मौके पर ग्रामवासी लालजी सविता बहादुर उल्ला सत्यनारायण शुक्ला गोपी रामपाल राजेश पाल विनोद दुबे अनुग्रह शुक्ला बालाराम समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## यमुना का लगातार बढ़ते जल स्तर को सीओ जालौन ने लिया जायजा।

अवध की आवाज ब्यूरा

कुठौंद, जालौन। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा जिसके चलते प्रशासन भी कमर कसते नजर आ रहा है आह दोपहर 1 बजे सीओ जालौन विजयानन्द ने यमुनापुल पर जा कर लगातार बढ़ रहे जल स्तर का निरीक्षण किया जहाँ पर चौकी इंचार्ज शंकरपुर अतुल राजपूत भी मौके पर पहुचे क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जल स्तर लगातार बढ़ रहा है और खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर है जिसके चलते यमुना किनारे के गाँवों में जल भराव वाले मकानों को तत्काल खाली कराए जा रहे है भदेख में पानी घुसने से नैनपुर भदेख के बीच मे बने रपटा पर बहाव तेज होने के कारण जालौन औरैया हाइवे से संपर्क टूट गया है हालांकि संपर्क मार्ग कुठौंद होते हुवे जुगराजपुर वाले रोड से आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है बाढ़ प्रभावित गांवों में पुलिस और लेखपाल मिल कर काम कर रहे है बघावली, चंदपुरा, भदेख, लोहाई, टिकरी, बिजुवापुर, समेत दर्जनों गाँव के लोगो को अपील कर के जलभराव वाले स्थानों से सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा गया है और प्रशासन की नजर पल पल पर यमुना के पानी पर टिकी हुई है चौकी इंचार्ज अतुल राजपूत को निर्देश दिए कि यमुना पुल पर लोगो को इखट्टा न होने दे और दुकानों को पुल से 500 मीटर दूर कराने निर्देश दिए।



## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना विधानसभा गौरा में शुभारंभ किया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

खोड़ारे गोण्डा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना विधानसभा गौरा के ग्राम पंचायत केशवनगर ग्रांट मे आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर अन्न योजना का शुभारंभ किया विधायक गौरा ने अपने संबोधन में लाभार्थियों को बताया कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र व राज्य में बनी है तब से गरीबों को कोरोना काल में महीने में दो बार निशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है गौरा विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार के योजनाओं को जनता को बताया कार्यक्रम में मौजूद रहे बी डी ओ .बभनजोत शत्रुघ्न पाठक सप्लाई इंस्पेक्टर चंदन कुमार नोडल अधिकारी राम सागर वर्मा. पुष्प राज सिंह. थानाध्यक्ष खोडारे महेंद्र सिंह. सी ओ मनकापुर. सूर्यकुवर .सुबास पटेल. अमरेश चौधरी. विक्रम प्रसाद.सुदामा. कोटेदार कमला प्रसाद मिश्रा भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।





सीतापुर। सीतापुर में गुटका सेल्समैन से 3 लाख 80 हजार की लूट के बाद बदमाशों ने गोली मारी । सेल्समैन गंभीर रूप से हुआ घायल हालत नाजुक। घायल को सीतापुर जिला अस्पताल भेज गया। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर, जांच में जुटी। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के सिधौली मिश्रिख के बीच गंगापुर के पास हुई वारदात।



लखनऊ। जनेश्वर मिश्र के पुण्यतिथि के अवसर पर जो छोटे लोहिया कहे जाते हैं समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी विजय यादव द्वारा साइकिल रैली निकाला गया। बहुत ही शानदार कार्यक्रम रहा बढ़ती महंगाई भ्रष्टाचार तानाशाह सरकार के खिलाफ यह रैली निकाला गया और उनके साथ में रहम अली कादरी राहुल यादव अब्दुल अली सलमान अली बेनी यादव आकाश लालमन मोहित विकास राकेश शिवपूजन यादव राम सिंह अन्नू प्रदीप मौर्या आनंद केशो राम ऐसे सैकड़ों समाजवादी साथी उपस्थित रहे

# समाजवादी नेत्री सौम्या पाडेय ने दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

अवध की आवाज ब्यूरो

खोड़ारे गोंडा। गौरा विधानसभा में बदहाल बभनान जमुनहा मार्ग से गौरा चौकी तक की सड़कों को अविलंब बनवाने के संबंध में,सौम्या पांडेय नेत्री समाजवादी पार्टी व अन्य समस्त सपा कार्यकर्तायो ने बताया कि आए दिन दुर्घटना होती है। तत्काल सड़क बनवाने हेतु संबंधित विभाग को समय बद्ध निर्देशित करने की कृपा करें। लगातार समाजवादी पार्टी के लोग गौरा बिधान सभा के 301 में बभनान जमुनहा मार्ग से गौरा चौकी तक गड्ढे वाली सड़कों को बनाने के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहते रहे हैं परन्तु जनमानस के चलने वाले इस अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क को बनाने की कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे आप ज़िले के कलेक्टर व सक्षम अधिकारी हैं इसलिए हम सब सपा के लोग जनहित के इस कार्य को अविलंब कराने के लिए आपसे भी पुनः निवेदन करते हैं विश्वास है कि आप अवश्य ध्यान देंगे अन्यथा हम सब बाध्य हो कर जनहित के इस कार्य को कराने के लिए धरना प्रदर्शन किया जाएगा, उन्होंने बताया की सड़क की हालात इतनी बदहाल है कि इसपर चलना बहुत मुश्किल का काम है , आये दिन दुर्घटनाये होती रहती है ,और जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए है ,सौम्य पांडेय जी ने बताया कि अगर इस सड़क का कायाकल्प नही हुआ तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे , उन्होंने भाजपा सरकार



पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार केवल जुमलो की सरकार है ।इनके कथनी और करनी में बहुत अंतर है , ये केवल बातो से विकाश का पल बांधते है काम नही करते ।

## पहुज नदी ने दिखाया अपना रौद्ररूप नही मिली अब तक शासन प्रशासन से कोई मदद ग्रामीण परेशान

अवध की आवाज

माधौगढ़ (जालौन) भारी वर्षा के बाद क्षेत्र की बरसाती नदियों ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाया, जिससे कई गांवों का आपस में कट गया जिससे आसपास के लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मोहब्बतपुर निवासियों ने बताया कि अभी तक शासन प्रशासन द्वारा अभी तक उन्हें किसी प्रकार की कोई सहायता नही दी गई पहूज नदी ने दिखाया अपना रौद्र रूप जिससे लोगो के आशियाने भी पानी मे बह गए हालांकि नदियों मे कुछ घंटे ही पानी होता है। लेकिन बहाव इतना तेज होता है कि कम पानी भी खतरनाक बन जाता है। रामपुरा थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुरा गांव ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग बाजार करके घर जा रहे थे कि एकदम नदी का बहाव तेजी से बड़ा किसी तरह से जान बचाकर मिट्टी के टीले पर



भागे अचानक बाढ़ की तेज धार आ गई ऐसी स्थिति अन्य नदियों में भी कई जगह बताई जा रही है, जहां अचानक आई बाढ़ में लोग फंस गए भगतपुरा मोहब्बत पुरा गांव मैं पहुज नदी ने तांडव मचा दिया देखते ही देखते लोगों के घरों में पानी भरने लगा पानी भरने से कई मकान ध|राशाई हो गए लेकिन प्रशासन ने अभी तक गांव में कोई मदद नहीं पहुंचाई जिससे ग्रामवासी काफी नाराज दिख रहे हैं मोहब्बतपुरा निवासी ग्रामीणों ने बताया कि गल्ला पानी सब कुछ भीग कर खराब हो गया और ऊपर से बरसात ने जीना मुहाल कर रखा है वही पहुज नदी का पानी घरों में भरा हुआ है।

# सत्ता में वापसी के लिए निकाली गई साइकिल यात्रा

## पूरे प्रदेश भर में निकाली गई साइकिल रैली

## उत्तर प्रदेश को सपा सरकार ही विकास की नई दिशा देगी : प्रबल प्रताप सिंह

अवध की आवाज ब्यूरो

माधौगढ़, जालौन। समाजवादी पार्टी ने साइकिल रैली निकाली जिसमे सत्ता में वापसी के लिए पूरा जोर शोर हैं कि अगली सरकार सपा की ही होगी उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव करीब आने के साथ ही सियासी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. एक बार फिर समाजवादी पार्टी साइकिल यात्रा के जरिए यूपी के सिंहासन पर काबिज होने की तैयारी कर रही है माधौगढ़ में साइकिल यात्रा करीब 250 साइकिलों द्वारा रैली निकाली गई जिसमे सुल्तानपुरा से माधौगढ़ गांधी चबूतरा और इसके साथ गोहन बसस्टैंड तक रैली निकाली गई जिसमें कार्यक्रम संयोजक प्रबल प्रताप सिंह ने कहा कि अब 2022 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगे और साथ ही किसानों के भाजपा सरकार झूठे बादे कर रही है और साथ ही प्रदेश में विकास की गति का चक्का जाम हो गया जब सपा की सरकार बनेगी तो विकास बहुत तेजी से होगा यह सरकार ने आज तक न सिर्फ किसानों को ठगा बल्कि मजदूर वर्ग के लोगो को भी नही छोड़ा दूसरी ओर महगाई की बात की जाए तो भाजपा सरकार ने जो वादे किए उससे मुकर गई महगाई इतनी बड़ा दी कि साग सब्जी के साथ पेट्रोल गैस डीजल के दाम आज आसमान छू रहे क्या इसी को विकास कहते हैं



तो हम लोगो को ऐसा विकास नही चाहिए सत्यपाल सिंह ने कहा कि आज ही दिन पार्टी के कद्दावर नेता रहे जनेश्वर मिश्र की जयंती होती है. इसीलिए सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी ने आज ही दिन से पूरे प्रदेश में साइकिल यात्रा की शुरुआत की साथ ही साथ आज समाजवादी पार्टी का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन भी बलिया से शुरू हो रहा है. बलिया 1857 की क्रांति के जनक मंगल पांडे की धरती है, वहीं जनेश्वर मिश्र का भी जन्म हुआ और इसीलिए पार्टी की तैयारी है कि प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन उसी धरती से किया जाए समाजवादी पार्टी ने साइकिल यात्रा की तैयारी जोर शोर से की है जहां वह खुद साइकिल चलाएंगे और उनके पीछे पार्टी के कार्यकर्ता साइकिल का रैली निकालेंगे. इसके जरिए समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा किया जाए. बात चाहे बेरोजगारी की हो, किसानों की हो, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की हो या फिर आजम खान का लंबे समय से जेल में रखने की हैं आज साइकिल यात्रा करीब ग्यारह किलोमीटर तक की साइकिल यात्रा निकाली गई दरअसल, 2012 में जब समाजवादी पार्टी सत्ता पर काबिज हुई उसमें भी अखिलेश यादव ने जो साइकिल यात्रा निकाली थी उसकी बड़ी भूमिका रही है. खुद अखिलेश यादव साइकिल यात्रा को अपनी पार्टी और खुद के लिए लकी मानते हैं, इसीलिए एक बार फिर इस साइकिल यात्रा के जरिए कोशिश है कि 2022 में यूपी की सत्ता पर काबिज हुआ जाए और पार्टी के हर पोस्टर में आपको यह स्लोगन भी नजर आएगा कि 22 में बाइसिकल. पार्टी के एमएलसी उदयवीर सिंह का साफ तौर पर कहना है कि इस साइकिल यात्रा के जरिए सरकार की जो जनविरोधी नीतियां हैं उसे जनता तक पहुंचाने का काम पार्टी करेगी. वहीं कल से शुरू हो रहे प्रबुद्ध सम्मेलन पर उनका कहना है कि पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर हमेशा से चलती रही है

साइकिल यात्रा निकालकर बीजेपी पर साधा निशाना

वहीं समाजवादी पार्टी की शुरू हुई साइकिल यात्रा पर बीजेपी पर निशाना साधा है एक तरफ जहां साइकिल यात्रा के जरिए समाजवादी पार्टी की कोशिश है कि जनता के बीच सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर जाया जाए. तो वहीं प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिए कोशिश है कि कैसे ब्राह्मण समाज को पार्टी से जोड़ा जाए. दरअसल, उत्तर प्रदेश में जब से बीएसपी ने ब्राह्मणों को साथ जोड़ने के लिए संगोष्ठी शुरू की उसके बाद से ही ब्राह्मणों को साथ लाने की सभी पार्टियों में होड़ सी मच गई है. अब समाजवादी पार्टी भी इस होड़ में पीछे नहीं रहना चाहती यात्रा में सुरेंद्र कुशवाहा, गेंदालाल कर्ण, सुवालाल पाल, रामवली पाल, रुद्रपाल यादव, मानवेन्द्र यादव, मोनू यादव, सोनू तोमर, तेज सिंह। भदौरिया, मोनू यागिक, जावेद मंसूरी,इकवाल मंसूरी, शिवकुमार बरार, सतेंद्र दोहरे, सुनील दोहरे, शैलेंद्र दोहरे, धीरेन्द्र सिंह, रघुवर सिंह, अनिल सिंह, सुखराम सिंह तोमर, पुष्पेंद्र सिंह, पिंटू यादव, अनुपम गुर्जर, छोटे सिंह, अंकित सिरसा, सुरेंद्र कुशवाहा कुटरा, मूलचरन प्रजापति अडयाई, शिवम सिंह, संजय रूरा, गुड्डू रूरा, रविन्द्र प्रजापति, रजा खान, राघवेंद्र सिंह, राजू चिरा और भी लोगो साइकिल यात्रा में बढ़चढ़कर भाग लिया।

# खिल उठे गरीब राशन कार्ड धारकों के चेहरे

## प्रधानमंत्री गरीब जन कल्याण योजना के अंतर्गत राशन पाकर कार्ड धारकों में दौड़ी खुशी की लहर

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। जनपद में भारत सरकार द्वारा कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत समाज के निर्धन व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभार्थियों को 05 किलोग्राम प्रति व्यक्ति खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र व्यक्ति भोजन से वंचित न रहने पाए और खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके। शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के प्रचार–प्रसार हेतु दिनांक 05 अगस्त 2021 को भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा 'अन्न महोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत जनपद की समस्त उचित दर की दुकानों/आयोजन स्थलों पर टेन्ट लगाकर, फूल मालाओं तथा क्षेत्रीय परम्पराओं के अनुसार सुसज्जित करते हुए, स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 'अन्न महोत्सव' के आयोजन के दृष्टिगत जनपद की समस्त उचित दर की दुकानों पर कोविड प्रोटोकाल के अनुसार लाभार्थियों के बैठने, साबुन/सेनेटाइजर से हस्त प्रक्षालन व मास्क एवं पेयजल आदि की व्यवस्था की गई। उचित दर की दुकानों आयोजन स्थलों पर 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' कार्यक्रम हेतु तैयार किए गए स्टैण्डी बैनर को प्रदर्शित किया गया एवं सेल्फी प्वाइंट बनाए गए। मा0 प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण हेतु टेलीवीजन सेट की स्थापना कराते हुए, आयोजन में सम्मिलित जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये बैग में खाद्यान्न वितरण कराया गया।



# बाढ़ का प्रलयंकारी रूप देख पंचनद क्षेत्र में हाहाकार

## जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों की सुरक्षा के दिए निर्देश

अवध की आवाज ब्यूरो

जगम्मनपुर, जालौन। पंचनद क्षेत्र की सभी नदियों के रौद्र रूप धारण करने से बाढ़ तटीय इलाकों में महाप्रलय की स्थिति उत्पन्न हो गई है । विकासखंड रामपुरा के पंचनद इलाका तथा नदिया पार में बाढ़ का पानी ही पानी दिखाई देने से समुद्र जैसा नजारा दिखाई दे रहा है । लगभग 10 गांव पूरी तरह से पानी में डूब चुके हैं वही एक दर्जन गांव के लोग अपने को सुरक्षित रखते हुए अपना गांव घर छोड़कर ऊंचे स्थानों पर पलायन कर गए हैं स नदिया पार का ग्राम कूसेपुरा अधिकांश पानी में डूब चुका है लगभग 25–30 घर जो अधिक ऊंचाई पर हैं बचे रह गए हैं लेकिन ग्रामीण अपनी जान बचाने की खातिर अपना घर खाली कर कदमपुरा की ओर चले गए हैं स ग्राम डिकोली जागीर जो लगभग 500 घरों का गांव है पूरी तरह से जलमग्न है पूरा गांव सुरक्षित स्थान की ओर पलायन कर गया है । ग्राम निनावली जागीर की गलियों में पानी प्रवेश कर गया लगभग 100 घरों में पानी भर जाने से ग्रामीण अपना घर खाली करके निकल रहे हैं स ग्राम सिद्धपुरा अभी सुरक्षित है, बाल्मीक मोहल्ला एवं ओंकार सिंह राजावत के दरवाजे पर रास्तों में पानी भरा होने से लोगों में दहशत है । ग्राम जाएघा के 25–30 घरों में पानी प्रवेश कर गया है सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 60 गृह स्वामियों ने अपने–अपने घर खाली कर दिए हैं स ग्राम मोहब्बतपुरा चारों ओर से पानी में डूबा है विद्यालय की छत पर लगभग 4 फुट ऊपर पानी है, गांव टीले पर बसा होने के कारण अभी तक तो सुरक्षित है राजू सिंह के दरवाजे पर पानी हिलोरें मार रहा है । ग्राम भिटौरा की गलियों में नौका चल रही है कोटेदार महेश यादव के दरवाजे के सामने सड़क पर 5 से 6 फुट पानी भरा है तथा कई घरों में पानी प्रवेश कर गया है । ग्राम कंजौसा पंचनद का बाबा साहब मंदिर पूरी तरह से खतरे से घिरा है । ग्राम कंजौसा में बाढ़ का पानी लगभग 20–25 घरों में पूरी तरह प्रवेश कर चुका है । बाबा साहब मंदिर के सामने खड़ा ऐतिहासिक पीपल का वृक्ष एवं उसके नीचे बना देव स्थल पानी के आगोश में है । ग्राम हिम्मतपुर, गुढा, महटौली, पुरा, बेरा, पतराही, महमूदपुर, चंदावली, रुदावली पूरी तरह पानी से घिरे हैं स सीमावर्ती मध्य प्रदेश का गांव धौका पुरा द्वार पूरी तरह पानी में डूब जाने से गांव के लोग अन्यत्र कहीं चले गए हैं स ग्राम हुकमपुरा, जखेता, विलौड के निवासी बाढ़ के प्रियंकारी रूप के सामने अपने को मौत के मुंह में समझ रहे है । रामपुरा पंचायत क्षेत्र में ऐसे प्रलयंकारी रूप को देखने की कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी स ग्रामीण अब अपनी चल अचल संपत्ति की परवाह किए बिना प्राण बचाने की फिक्र कर रहे हैं। प्रशासनिक व्यवस्था में जिलाधिकारी जालौन प्रियंका निरंजन, , उप जिलाधिकारी माधौगढ़ शालिगराम, तहसीलदार माधौगढ़ प्रेमनरायन प्रजापत, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़, एसएचओ रामपुरा जेपी पाल , उप निरीक्षक दिलीप बर्मा मय हमराही ग्रामीणों को बाढ़ से सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है एवं अनाउंस करके उन्हें सुरक्षित स्थानों पर चले जाने के लिए कह रहे हैं स एनडीआरएफ की टीम अपनी मोटरबोटों एवं स्थानीय छोटी नौकाओं के सहारे बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रही हैं। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने रामपुरा जगम्मनपुर के आसपास के नदी तटवर्ती बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर निर्देश दिया कि सुरक्षा के और बंदोबस्त किए जाएं मोटरबोट एवं छोटी नौकाओं की संख्या बढ़ाई जाए तथा बाढ़ प्रभावित लोगों को रामपुरा , जगम्मनपुर इंटर कॉलेज एवं अन्य सुरक्षित भवनों में पहुंचाया जाए एवं उनके भोजन का उचित प्रबंध किया जाए।







# नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन राजकीय महाविद्यालय का किया निरीक्षण,रोपा पौधा

अवधकी आवाज

उरई (जालौन) शासन द्वारा नियुक्त जनपद के नोडल अधिकारी धीरज साहू ने गुरुवार को नगर के महन्तनगर हाटा में उच्च शिक्षा विभाग झाँसी की देखरेख में कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद निर्माण इकाई झाँसी द्वारा कुल 817.89 लाख रुपये की लागत से बीते फरवरी 2020 से निर्मित कराये जा रहे राजकीय महाविद्यालय का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखी और अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये नोडल अधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिये निर्मित की गयी दीवार का प्लास्टर निकलवाकर ईंटा व सीमेंट से लेकर अन्य सामग्री की गुणवत्ता जाँची जो ठीक पाई गयी।वहीं उन्होंने ऊपरी मंजिल पर निर्मित हॉल का निरीक्षण कर प्लास्टर व खिड़की आदि भी देखीं।नोडल अधिकारी ने इस दौरान कार्यदायी संस्था से जुड़े लोगों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में पूरी ईमानदारी बरती जाये और मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण होने की प्रस्तावित तिथि 31 मार्च 2022 तक हर हाल में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये।निरीक्षण के उपरांत नोडल अधिकारी ने डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ,,, के साथ मिलकर परिसर में नीम का पौधा रोपकर वृक्षारोपण के प्रति समाज को जागरूक किया।इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ सरिता वर्मा,एसडीएम अंकुर कौशिक, पालिका ईओ् अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट अशोक कुमार, तहसीलदार नरेंद्र कुमार,सीओ राहुल पांडेय, एआरटीओ सौरभ कुमार, यात्री कर अधिकारी अमित वर्मा, लघु सिंचाई से एकता त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग से धीरज राय व अशोक कुमार,कोतवाल बलिराज शाही, एसआई नगर पालिका हरिशंकर निरंजन आदि अधिकारी उपस्थित रहे नोडल अधिकारी ने नगर पालिका का जाना हाल, पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी नोडल अधिकारी धीरज साहू ने डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ के साथ मिलकर नगर पालिका परिषद कार्यालय का हाल जाना।नोडल अधिकारी ने वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों हेतु शासन से निर्गत होने वाली धनराशि के सापेक्ष व्यय होने वाली धनराशि की ईओ अशोक कुमार से जानकारी ली।पालिका कर्मियों को प्रत्येक माह का वेतन पूरा व समय से प्राप्त होने की जानकारी लेते हुए नोडल अधिकारी ने पेयजल आपूर्ति हेतु नगर में बनी पानी की 2 सरकारी टंकियों को पानी से भरे जाने के लिये बिजली आपूर्ति की जानकारी ली।बिजली की समस्या सामने आने को लेकर उन्होंने कहा कि नगर पालिका जेनरेटर खरीदे जिससे टंकी भरने में बिजली समस्या आड़े ना आये।नगर में स्थित नलकूपों की जानकारी नोडल अधिकारी ने ली जिसको लेकर ईओ ने बताया कि कुल 9 नलकूपों में से वर्तमान समय में अलग अलग कारणों से 2 नलकूप खराब पड़े हुए हैं जो ठीक कराये जा रहे हैं।इस दौरान मौजूद सभासद मो जाहिद ने जल संस्थान के अवर अभियंता को कोंच में स्थायी रूप से नियुक्त किये जाने की बात रखी।वहीं पालिका द्वारा नगर में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था हेतु लगवाये गये अलग अलग सौर ऊर्जा प्लांट का टेक्नीशियन की कमी सहित अन्य कारणों से संचालन ना होने की भी शिकायत की गयी जिसको लेकर नोडल अधिकारी ने सबाल जबाब किये।डीएम ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से उक्त समस्या उनकी जानकारी में आयी थी जिसके बाद उन्होंने नगर पालिका से पूरी आख्या मांगी थी जो अब तक प्रस्तुत नहीं की जा सकी है। डीएम ने शीघ्र ही आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये।नगर में साफ सफाई से लेकर सीवर समस्या व सीमा विस्तार संबंधी भी जानकारी नोडल अधिकारी ने ली।इस दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ सरिता वर्मा सहित सभासदगण व पालिका कर्मियों समेत आलाधिकारी मौजूद रहे।

# खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद बढ़ाई गई सतर्कता, जारी किया गया अलर्ट

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आतंकी घटनाओं और किसान आंदोलन को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खुफिया एजेंसियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस को भी आगाह किया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि जनरल अलर्ट जारी किया गया है जिसे लेकर प्रदेश भर में सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं सूत्रों का कहना है कि खुफिया एजेंसियों ने आतंकी घटना से लेकर किसान आंदोलन तक केबारे में अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है। बीते दिनों लखनऊ से गिरफ्तार आतंकी संगठन अलकायदा के दो संदिग्ध आतंकियों के पकड़े जाने के बाद सतर्कता पहले से ही बढ़ा दी गई है। अब इसे लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने भी अलर्ट जारी किया है। उधर, गाजियाबाद और दिल्ली की सीमा पर बैठे किसानों के बारे में कहा गया है कि 26 जनवरी की ही तर्ज पर यह लोग दिल्ली या फिर लखनऊ भी कूच कर सकते हैं।



अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।